# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 29.09.2023

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 29.09.2023 गोरखपुर। सर्जिकल स्ट्राइक दिवस के अवसर पर रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन एवं राजनीति विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 'भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम : राष्ट्रीय सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर विशिष्ट व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि प्रो. विनोद कुमार सिंह, अध्यक्ष, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग, दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए सर्जिकल स्ट्राइक को पाकिस्तान के नाभिकीय आतंक और भय को खत्म करने का प्रयास बताया,** जो भारतीय विदेश नीति के बदलते आयाम को दर्शाता है। विभिन्न कालखण्डों में भारत की विदेश नीति राजनीतिक इच्छाशक्ति के अनुरूप बदलती रही है वर्तमान सरकार की इच्छाशक्ति से राष्ट्रीय सुरक्षा सशक्त हुई है आज आक्रामक होती विदेश नीति को राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्बन्ध में सर्जिकल स्ट्राइक को देखा जाना चाहिए। उन्होंने सर्जिकल स्ट्राइक 29 सितम्बर, 2016 की प्रमुख घटनाओं का जिसमें उरी, पुलवामा की भी विस्तृत चर्चा की। इस घटना से जुड़ी सैनिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए सेना के आधुनिककरण, नाभिकीय शक्ति व सेना के अदम्य साहस और शौर्य की सराहना की। उन्होंने आगे कहा कि एयर स्ट्राइक के दौरान भारतीय पायलट अभिनन्दन द्वारा पाकिस्तान के लड़ाकू विमान एफ–16 का मार गिराया जाना व पाकिस्तान की सीमा में पकड़े जाने के बाद उन्हें ससम्मान पाकिस्तान द्वारा वापस किया जाना भारत के दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति व सफल कूटनीतिक का परिचायक है।

**महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने** अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में भारतीय विदेश नीति के मूल सिद्धान्तों की चर्चा करते हुए उन्होंने भारत–पाकिस्तान सम्बन्धों व भारत–चीन सम्बन्धों के विविध पक्षो पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिन्द–प्रशान्त महासागर में भारत की बढ़ती भूमिका का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत ने क्वाड जैसे संगठन के माध्यम से चीन की विस्तारवादी नीति पर अंकुश लगा दिया है। भारत–पाक सम्बन्धों में जम्मू कश्मीर के विलय की भूमिका का उल्लेख करते हुए वर्तमान में धारा 370 को हटाये जाने को महत्वपूर्ण बताया। हाल ही में भारत में हुए जी–20 सम्मेलन के सफल आयोजन से वैश्विक मंचो पर भारत की भूमिका बढ़ी है।

**कार्यक्रम का संचालन डॉ. राम प्रसाद यादव, प्रभारी, रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन विभाग द्वारा किया गया एवं स्वागत विभाग के शिक्षक डॉ शुभ्रांशु शेखर सिंह और आभार ज्ञापन श्री इंद्रेश कुमार पांडे, प्रभारी, राजनीति विज्ञान विभाग ने किया। इस अवसर पर श्री विकास कुमार पाठक, डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. रामकुमार, यादव, डॉ. अखिल कुमार श्रीवास्तव एवं छात्र–छात्राएं मौजूद थे।**

**उक्त जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह ने दी।**

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क